asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

श्री राम कथा की सर्वप्रथम रचना... पृष्ठ 2 | चाय वाले बाबा का लगा दिव्य... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 06 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 115, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स से युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने 10 रूपए की टिकट कटाकर मयाली नेचर कैंप में लिया एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अलग अंदाज़ में नजर आए और उन्होंने 10 रूपए का टिकट कटाकर जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मयाली नेचर कैंप में साहसिक खेल गतिविधियों का आनंद लिया और कई नए एडवेंचर स्पोर्ट्स की औपचारिक शुरुआत भी की। मुख्यमंत्री ने प्रवेश शुल्क अदा कर नेचर कैंप में प्रवेश करते हुए आम नागरिकों को नियमों के पालन और समानता का एक सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, विधायक श्रीमती गोमती साय, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान नेचर कैंप में विकसित अधोसंरचनाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति-आधारित पर्यटन एवं साहसिक गतिविधियां न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने मयाली नेचर कैंप में संचालित स्पोर्ट्स मोटर बाइक (एटीवी) को स्वयं चलाकर साहसिक पर्यटन का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने बंदूक से सटीक निशाना साधते हुए बैलून शूटिंग का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आर्चरी शूटिंग में तीर चलाकर निशाना साधा और इस खेल की भी शुरुआत की। साथ ही उन्होंने माउंटेन साइक्लिंग का शुभारंभ करते हुए स्वयं साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। नेचर कैंप में वॉल क्लाइंबिंग बोर्ड का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री के



द्वारा किया गया। इस दौरान वॉल क्लाइंबर तेज सिंह एवं तेजल भगत ने मुख्यमंत्री के समक्ष वॉल क्लाइंबिंग कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय बॉक्स क्रिकेट में भी हाथ आजमाते हुए नजर आए और स्टेट ड्राइव व ऑफसाइड पर आकर्षक शॉट लगाए। मुख्यमंत्री ने मयाली नेचर कैंप स्थित कैक्टस गार्डन का अवलोकन किया, जहां विभिन्न प्रजातियों के कैक्टस लगाए गए हैं वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार ने कैक्टस के औषधीय महत्व की जानकारी दी।

## बस्तर ओलंपिक से देशभर में चमका बस्तर, विकास और विश्वास की नई पहचान - प्रधानमंत्री

**सही नीति-नीयत और नेतृत्व से बदल रही तस्वीर - मुख्यमंत्री साय**

**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संसद में बस्तर का उल्लेख



करते हुए कहा कि जो क्षेत्र कभी आकांक्षी जिला माना जाता था, आज वही च्बस्तर ओलंपिकज्ज् के कारण पूरे देश में नई पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि विकास अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है और पहली बार शुरू हुई बस सेवाओं को भी लोग उत्सव की तरह मना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर प्राकृतिक संपदा, पर्यटन और युवा शक्ति से समृद्ध क्षेत्र है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प से नक्सल प्रभावित क्षेत्र अब तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर ओलंपिक में युवाओं की भागीदारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है, वहीं बस्तर पंडुम जैसे सांस्कृतिक आयोजनों से क्षेत्र की परंपरा को राष्ट्रीय मंच मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब बस्तर भय और पिछड़ेपन नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और संभावनाओं का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

## जिला स्तरीय नन्हें सितारे प्रतियोगिता हेतु भोथीपारकला से चार बच्चे चयनित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा विभाग द्वारा ओपन लिंक्स



फाउंडेशन ( विनोबा एप्प)के माध्यम से बच्चों के जीवन कौशल के विकास हेतु आयोजित नन्हें सितारे नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत बोलेगा बचपन ( कविता) कक्षा 4 एवं 5 में राजनांदगांव ब्लाक से शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला से 3 बच्चे एवं इसी प्रकार बोलेगा बचपन ( कहानी)कक्षा 1 से 3 में शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला से 1 बच्चा , इसप्रकार हमारे स्कूल से 4 बच्चों का चयन जिला स्तरीय नन्हें सितारे प्रतियोगिता हेतु हुआ है। चयनित बच्चों में कुमारी तिंजल साहू पिता श्री रूपदास साहू कक्षा 5 वीं, कुमारी प्रेरणा साहू पिता श्री पुरूषोत्तम साहू कक्षा -5 वीं,पायल साहू पिता श्री डोमेन्द साहू कक्षा 4 थी और दिव्यांशी साहू पिता विनय कुमार साहू कक्षा 3 री का चयन राजनांदगांव ब्लाक से जिला स्तरीय नन्हें सितारे प्रतियोगिता हेतु हुआ है। चयनित बच्चों एवं उनके परिवार को संकुल समन्वयक प्रदीप मौर्य, संकुल प्राचार्य डी. आर. जंघेल,सरपंच पुहुप राम साहू,प्रधान पाठक गजाधर साहू, नवाचारी शिक्षक ओमप्रकाश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रूप दास साहू, विष्णु साहू,महेश्वर दास साहू संचालक धरती के सिंगार,मोहित राम साहू, नेतराम साहू, देवकरण साहू, खेम लाल साहू,चंपा साहू, जानकी साहू, बबीता साहू, शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भोथीपारकला की ओर से बहुत-बहुत बधाई/शुभकामनाएं।

## मयाली बनेगा ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन, 10 करोड़ की पर्यटन विकास परियोजना का भूमिपूजन

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत जशपुर जिले के मयाली-बगीचा पर्यटन विकास परियोजना का मयाली नेचर कैंप में विधिवत भूमिपूजन किया। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से मयाली,



मिलेंगे तथा क्षेत्र की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और जनजातीय विरासत को नई पहचान मिलेगी।उन्होंने बताया कि मयाली को इको-टूरिज्म, धार्मिक एवं एडवेंचर टूरिज्म के समग्र केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे पर्यटन से होने वाली आय का सीधा लाभ स्थानीय

विश्व प्रसिद्ध मधेश्वर पर्वत एवं बगीचा स्थित कैलाश गुफा क्षेत्र को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से विकसित किया जाएगा।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परियोजना मयाली को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेगी। परियोजना के तहत होम-स्टे, पर्यटक कॉटेज, रिसोर्ट, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, कॉन्फ्रेंस हॉल, पाथवे, लैंडस्केपिंग, प्रवेश द्वार, आधुनिक टॉयलेट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निर्माण होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर

लोगों तक पहुंचेगा। स्किल डेवलपमेंट सेंटर में टूर गाइड, होटल प्रबंधन, एडवेंचर स्पोर्ट्स एवं डिजिटल बुकिंग जैसे प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, विभिन्न बोर्ड-निगमों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गांजा तस्करी का भंडाफोड़ इलेक्ट्रिक ऑटो में छिपाकर ले जा रहे थे 7 लाख का गांजा, रायपुर के तीन तस्कर गिरफ्तार

**राजनांदगांव/सोमनी ( नांदगांव टाइम्स )।** नशा विरोधी अभियान के तहत राजनांदगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सोमनी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक इलेक्ट्रिक ऑटो से भारी मात्रा में गांजा जप्त किया है। पुलिस ने इस मामले में रायपुर निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से लगभग 14.662 किलोग्राम गांजा और घटना में प्रयुक्त वाहन समेत कुल 9.47 लाख रुपये का मशरुका जप्त किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव ने टीम गठित कर यह कार्यवाही की। पुलिस को सूचना मिली थी कि रायपुर से राजनांदगांव की ओर एक ऑटो में मादक पदार्थ लाया जा रहा है। सूचना पर ग्राम टेडेसरा में एमसीपी लगाकर घेराबंदी की गई। महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटो (क्रमांक सीजी 04 क्यू एफ 3543) को रोककर जब तलाशी ली गई, तो सीट के पीछे छिपाकर रखे गए 8 पैकेट मिले, जिनमें 14.662 किलो गांजा भरा था। इस मामले में आरोपी दुर्गेश रायकर उर्फ विक्की (30 वर्ष), निवासी ग्राम हीरापुर, रायपुर। मो. जुल्फिक्कार उर्फ राजा (32 वर्ष), निवासी कबीर नगर, रायपुर। दीपक साहू (38 वर्ष), निवासी कबीर नगर, रायपुर। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख)(ii) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## रजत महोत्सव में दिखी सियासी दूरी

### मुख्य अतिथि के सिवा कोई नहीं पहुँचा, खबर के बाद मची हलचल!

फॉलोअप

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के निमंत्रण पत्र को लेकर सामने आई कार्ड राजनीति की खबर के बाद अब इसके स्पष्ट राजनीतिक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। कार्यक्रम से पहले उठे सवालों और खबर के प्रकाशन के बाद ऐसा माहौल बना कि कार्ड में छपे अतिथियों में से केवल और केवल मुख्य अतिथि ही कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि शेष सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम से दूरी बना ली।

**कार्ड में नाम, मंच पर सन्नाटा**

जिन प्रमुख नेताओं और जनप्रतिनिधियों के नाम कार्यक्रम के कार्ड में दर्ज थे, उनमें से कोई भी मंच पर नजर नहीं आया। कार्यक्रम से किनारा करने वालों में शामिल हैं—सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व उपाध्यक्ष, 20 सूत्रीय कार्यक्रम खूबचंद पारख, इतना ही नहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की गैरमौजूदगी ने भी कई राजनीतिक संकेत दे दिए। संयोग या सामूहिक संदेश? इतने बड़े राज्यस्तरीय आयोजन में इतने सारे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संगठनात्मक पदाधिकारियों का एक साथ अनुपस्थित रहना संयोग नहीं माना जा रहा।




राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह शांत लेकिन स्पष्ट असंतोष का संकेत है, जो कार्ड में हुई चूकों और अनदेखी के बाद सामने आया है।

**प्रशासनिक चूक या राजनीतिक अहंकार ?**

खबर के सामने आने के बाद भी न तो विद्युत मंडल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण आया और न ही कार्ड में सुधार की कोशिश दिखाई दी। नतीजा यह रहा कि कार्यक्रम प्रशासनिक आयोजन से ज्यादा राजनीतिक विवाद का मंच बन गया।

**मंच खाली, सवाल भारी**

कार्यक्रम भले ही संपन्न हो गया हो, लेकिन मंच पर खाली कुर्सियां और नेताओं की गैरहाजिरी कई सवाल छोड़ गई— क्या जनप्रतिनिधियों का अपमान हल्के में लिया गया? क्या सरकारी मंचों पर अब राजनीतिक चयन तय करेगा कि कौन दिखेगा और कौन नहीं? क्या अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी?

**राजनांदगांव में संदेश साफ**

इस पूरे घटनाक्रम ने राजनांदगांव की राजनीति में यह संदेश साफ कर दिया है कि सरकारी कार्यक्रमों में नाम और सम्मान से खिलवाड़ अब चुपचाप सहन नहीं किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस सामूहिक दूरी को कैसे पढ़ता है, और क्या भविष्य में ऐसी कार्ड राजनीति पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

## सरलता और संवेदनशीलता की मिसाल बनीं एसपी अंकिता शर्मा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के छुरिया तहसील निवासी यशवंत साहू, जो वर्तमान में राज्य से बाहर कार्यरत हैं, अपनी व्यक्तिगत इच्छा के तहत जिले की पुलिस अधीक्षकसे मिलने उनके कार्यालय पहुँचे। कार्यालय में मौजूद अधिकारियों द्वारा उन्हें स्नेहपूर्वक बैठाया गया और उनके आने का कारण पूछा गया। कुछ समय के इंतजार के बाद यशवंत साहू की मुलाकात जिले की एसपी अंकिता शर्मा से हुई। मुलाकात के दौरान एसपी मैडम ने बेहद आत्मीयता और संवेदनशीलता के साथ बातचीत की, जिससे यशवंत साहू भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि एसपी अंकिता शर्मा का व्यवहार अत्यंत सरल, मानवीय और प्रेरणादायक है। इस संक्षिप्त मुलाकात के दौरान यशवंत साहू को एसपी मैडम का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक वरिष्ठ अधिकारी होकर भी आम नागरिक से सहजता और प्रेम से बात की गई, वह काबिल-ए-तारीफ है और अन्य जिलों के पुलिस अधिकारियों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। यह मुलाकात न केवल एक नागरिक के लिए यादगार बनी, बल्कि यह भी दर्शाती है कि प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी यदि संवेदनशील और विनम्र हों, तो जनता का भरोसा और सम्मान स्वत: बढ़ता है।

## द्रूपद , बसंत व कुलेश्वर निषाद को मछुवारा प्रकोष्ठ सदस्य बनाने पर दी बधाई

**राजनादगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज के जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, पूर्व महासचिव व



अर्जुनी क्षेत्रीय अध्यक्ष बसंत निषाद, मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, को छत्तीसगढ़ शासन भाजपा मछुवारा प्रकोष्ट प्रदेश कार्य समिति में सदस्य नियुक्त किए जाने पर राजनांदगांव निषाद समाज के प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, संरक्षक हीराभाई निषाद, समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, सलाहकार एस आर निषाद, बसंत लारिया, मार्गदर्शक विजय निषाद, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दाता राम निषाद, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद्मनी निषाद, संगठन सचिव हेमलता निषाद व ओमलता निषाद, मछुवारा समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद व मोती राम निषाद, अंकेक्षक हरिराम निषाद, कार्यालय सचिव चुम्मन लाल निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद सहित जिला पदाधिकारियों ने बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी ।

nandgaon times feb-06-3.qxd 2/5/2026 11:57 PM Page 2



## गौ वंश तस्करी पर बड़ी कार्यवाही महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ के कुल 5 आरोपियो को भेजा जा रहा जेल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गौवंश तस्करी पर सख्ती से पशु तस्करी/परिवहन पर कडी कार्यवाही की गई है 3 फरवरी को पुलिस रात्रि



गश्त के दौरान पुलिस एक सफेद रंग की बोलेरो पीकप वाहन में गौवंश को ठुसठुस कर भरकर बिना चारा पानी के कत्लखाना ले जाने हेतु ग्राम पहलवान चारभाठा से ग्राम कुल्हाडी की ओर जा रहे थे कि, सूचना पर तत्काल पुलिस कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में ग्राम कुल्हाडी भोजराज भंडारी के घर के पास गुडरदेही रोड पास घेराबंदी कर आरोपियो को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 9 नग कृषि उपयोगी मवेशी, जिसमें 8 नग जीवित अवस्था एवं 1 नग मृत अवस्था मे बरामद की गई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बताया गया गौ वंश को मिस्री महाराष्ट्र ले जा रहे थे, जहां से इनको हैदराबाद कत्लखाना ले जाया जाता था। पुलिस ने गिरफ्तार किया गया आरोपियो में-डोमेन्द्र पिता बिटठल बोलकू वाल्दे, उम्र 37 साल,- टोमेन्द्र केशु मेश्राम पिता तुलसी राम मेश्राम, उम्र 21 साल,- परमानंद सलामे पिता देव सिंग सलामे, उम्र 22 साल, तीनो निवासी मिस्री थाना चिचगढ, जिला गोंदिया, (महाराष्ट्र) प्रकाश उर्फओमप्रकाश साहू पिता गुहाराम साहू, उम्र 24 साल, -जानुक राम हल्बा पिता तुलसीराम, उम्र 56 साल, दोनो निवासी चारभाठा थाना डोंगरगांव, के निवासी है पकड़े गए सभी आरोपियों जेल भेजा गया है।

## प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ



के तत्वाधान में अनुपयोगी सामानों से उपयोगी गृह सज्जा के समान बनाने की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में नई दिल्ली से आए हुए हस्तशिल्प कलाकार नरेश राय एवं रोहित राय ने छात्र-छात्राओं को घर में पड़े अनुपयोगी सामानों जैसे पुराने अखबार, कार्डबोर्ड ,चार्ट पेपर, एवं रंगीन कागज से तरह-तरह के गृह सज्जा के समान बनाने का प्रशिक्षण दिया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक का डॉ मीना प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की कला पर्यावरणीय सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचा हम पुराने एवं अनुपयोगी सामानों से उपयोगी सामान बनाते हैं और हमारे कौशल कला का विकास भी होता है । कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ नीलम तिवारी रोहिणी समरथ सहित विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ आराधना गोस्वामी ने किया। महाविद्यालय से रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## बुढानछापर में सिन्हा समाज की सामाजिक बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बुढानछापर में सिन्हा समाज की



एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सामाजिक एकता एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं स्वजातीय भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए महिला मंच की जिला अध्यक्ष निर्मला सिन्हा ने समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता पर विशेष बल दिया। जिला अध्यक्ष शिव शंकर डरसेना ने संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को समाज से जोड़ने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महामंत्री गंगाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, महामंत्री चंद्र सिंह, उत्तम सिन्हा (एलबी नगर), मंडलेश्वर रेवाराम सिन्हा (सचिव), भगवत सिन्हा (डोंगरगांव), संतोष सिन्हा (छुरिया), ग्रामीण मंडल राजनांदगांव के मंडलेश्वर प्यारेलाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, नारायण सिन्हा, पीतांबर सिन्हा, रेखा सिन्हा, सरपंच निर्जला सिन्हा सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे।

**शुभांक**

**1-4-6**

**147-2 145-0**

**भाग्यांक**

**377-7 247-3**

# श्री राम कथा की सर्वप्रथम रचना शंकर जी ने की और देवता, दानव ,मानव में बांट दिए - नरेद्र नयन शास्त्री



**पद और मद सगा भाई,,,, पद उतरने से व्यक्ति भूत हो जाता हैं**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पद और मद दोनों सगा भाई हैं,,पद में बने रहने से से व्यक्ति को मद हो जाता हैं और जैसे ही वह पद से उतरता है भूत बन जाता है। उक्ताशय का उद्गार कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी लेवर कालोनी में आयोजित अपने चौथे दिन के श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यक्त की। महराज जी ने आगे कहा कि पद से उतरने पर वह भूतपूर्व फ्लानां भूतपूर्व ढेकानां कहलाने लग जाता है। यानिकि जीते- जी वह भूत हो जाता हैं।

**सीताराम -सीताराम के भजन में झूमे श्रद्धालु**

नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले परिवार की श्रीमद भागवत की आनंदमयी आरती- पूजा के पश्चात कलाकारों द्वारा सीताराम - सीताराम कहिए,,जेही विधि राखे राम तेरी विधि रहिए के सुमधुर गान किया गया जिससे भक्त जन झूम उठे। इसके बाद शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक आचार्य शास्त्री जी ने बताया कि इस पृथ्वी पर सबसे पहले राम कथा 100 करोड़ दोहा - चौपाई के माध्यम से भगवान श्री शंकर ने कही थी। जिसे उन्होंने मां पार्वती को अमर कथा के रुप में सुनाया था।

**एक करोड़ दोहा-चौपाई को भगवान शंकर ने बांट दिए**

श्री राम कथा के इस एक करोड़ दोहा-चौपाई को देवता- दानव और मानव द्वारा मांग होने पर भगवान शंकर ने पहले 33 लाख ,33 लाख तीनों को दिया गया। इससे भी उनका मन नहीं भरा और भगवान शंकर से फिर से मांग होने लगी तब शेष बचे एक लाख में से फिर 33 हजार 33 हजार फिर उनमें बांट दिया। देवता, दानव और मानव को राम कथा इतना प्रिय और ? कल्याणकारी लगा कि फिर से इसमें से भगवान भोले भंडारी से एक-एक हजार दोहे- चौपाई भी मांग लिए। सबसे बड़े दाता भगवान शंकर फिर से 33 सौ 33 सौ दोहे- चौपाई फिर दें दिए। हद तब हो गई जब देवता दानव और मानव ? ने इसमें से भी भगवान शंकर से याचना कर बचें हुए मंत्र स्वरुप दोहे चौपाईयों की 33- 33 दोहे चौपाईयो की फिर मांग हुई। महराज जी ने बताया कि संस्कृत के अनुष्टुप छंद में 32 अक्षर होते हैं इसमें से 10 -10 अक्षर बांट दिए जाने से बचा सिर्फ दो अक्षर। वह राम शब्द है। भगवान शंकर ने बचें हुए दोहे - चौपाइयों को तीनों



में बांट कर सिर्फ एक भगवन्नाम वाले राम शब्द को अपने पास रख लिया। जब इसकी भी मांग होने लगी तब भगवान शंकर अपने आराध्य भगवान श्री राम को उन्हें देने से मना कर दिया। इसी राम शब्द से महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना की और गोस्वामी तुलसीदास जी ने कलियुग में लोक भाषा में श्रीराम चरित मानस की रचना की जो मनुष्य मात्र को संसार सागर पार करने का माध्यम बना हुआ है। मात्र चाय पीकर अपना जीवन निर्वाह करने वाले आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी के गुढ़ार्थ श्रीमद भागवत कथा को सुनने लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## लाल बहादुर नगर में नौ दिवसीय श्रीराम मानस महायज्ञ एवं रामकथा का हुआ समापन

### आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार - देवेन्द्र साहु

**डोंगरगढ़/ लालबहादुर नगर ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 27 जनवरी से 04 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ एवं रामकथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी (हरिद्वार) द्वारा प्रतिदिन श्रीराम कथा संपन्न हुआ जिसमें नगर एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमी हजारों की संख्या में कथा सुनने लाल बहादुर नगर पहुंचे। आयोजन समिति के द्वारा प्रतिदिन सुबह पोहा का वितरण और दोपहर में भोजन भंडारा पुरे नौ दिन अनवरत चलता रहा, कथा के अंतिम दिन लगभग 15 हजार भक्तों ने महाप्रसादी प्राप्त किया। श्रीराम मानस महायज्ञ में परिक्रमा करने एवं पूज्य बापू जी के मुख से श्रीराम कथा श्रवण करने नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला , जिसके फ्लस्वरूप पुरे नौ दिन पंडाल



खचाखच भरा रहा। इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाने वाले नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र साहु ने आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न करने में अपना तन मन धन से सहयोग प्रदान करने वाले लाल बहादुर नगर के सभी नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नगरवासियों के सहयोग से ही संपन्न हो पाया है इसके अलावा क्षेत्रवासियों के द्वारा भी तन मन धन से सहयोग प्राप्त हुआ और इस पावन आयोजन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले,सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं, इसके लिए मैं जीवनभर आप सभी का आभारी रहूंगा। इस कार्यक्रम का आयोजनकर्ता पुरे लाल बहादुर नगरवासी रहें, जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, उपाध्यक्ष छबीधर साहु, हुकुमचंद पटेल, प्रमोद अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, पंडित शेखर तिवारी, अशोक साहु, नोबल साहु, दिपक अग्रवाल, राकेश सिन्हा सहित समस्त 15 पार्षदगण, पन्ना लाल साहु,घांसी साहु, मनसुख साहु, पवन यदु, चेतन साहु, लक्ष्मीनाथ रजक ,खेदू साहु, सोमनारायण साहु,सोहन साहु, उत्तम दास साहु सहित पुरे नगरवासियों का सहयोग से इतना भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

## निराधार आरोपों के खिलाफग्राम बेलरगोंदी एकजुट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगोंदी के प्रभारी प्राचार्य सुन्दर लाल चतुर्वेदी के विरुद्ध



लगाए जा रहे कथित आरोपों को ग्रामवासियों ने निराधार, असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण बताया है। इस संबंध में ग्रामवासियों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, पंचायत प्रतिनिधियों, पालकगण एवं छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि श्री चतुर्वेदी वर्ष 2019 से विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन तथा प्रशासनिक व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब तक उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय शिकायत या अनियमितता दर्ज नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्वार्थी प्रवृत्ति के लोग विद्यालय को प्राप्त शासकीय अनुदान से व्यक्तिगत लाभ न मिलने के कारण प्रभारी प्राचार्य पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उन्हें हटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके निजी एवं पारिवारिक विषयों को अनावश्यक रूप से तूल देकर विद्यालय की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

# नगर में डिवाइड हुआ जानलेवा, आए दिन हो रहे हैं सड़क हादसा

**आखिर जिम्मेदार कौन ,**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में एक बार फिर यातायात को लेकर सभी राहगीर और आमजनता स्थानीय अधिकारी और सत्ता में बैठे बड़े जनप्रतिनिधियों पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं लगातार हो रहे सड़क दुर्घनाओं के बाद शासन प्रशासन क्यों ध्यान नहीं दे रही है नगर के मुख्य मार्ग में 3 किलोमीटर तक 18 करोड़ की लागत से बनी सड़क डामरीकरण के बीचो-बीच लंबी डिवाइडर बनाया गया है जिनमें राहगीर मोटरसाइकिल छोटे बड़े मोटर वाहन आए दिन सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं हाल ही में नगर के चौकी रोड आदिवासी छात्रावास के सामने 5 फरवरी गुरुवार और रात्रि 2 बजे हैदराबाद की ओर से आयशर वाहन क्रमांक 0757 में पावर प्लांट के लोगे सामग्री भरा हुआ था जो रात्रि 2:00 बजे के अंधेरे में सीधे डिवाइडर के में जा टकराया जिससे वहां कैसे डिवाइड ड्राइवर हिस्सा स्टिंग सहित सामने छक्का वहां के अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गए हैं अल्सर वहां के ड्राइवर दीपक कुमार मरकाम ने बताया है डिवाइड के सामने अंधेरे होने के कारण यह हादसा हो गया डिवाइडर के सामने किसी भी



प्रकार के रेडियम के संकेत तक और विद्युत लाइट नहीं होने के कारण यहां पर अधिक अंधेरा होने से मुख्य मार्ग में डिवाइडर का पता नहीं चल पाया जिससे यह बड़ी घटना हो गई

नगर के मुख्य मार्ग पर 3 किलोमीटर तक सड़क में डिवाइड बनने के बाद आए दिन छोटी बड़ी घटना होना आम बात हो गई है

**यातायात ट्रैफिक कर्मचारी की माहिती आवश्यकता है**

लगातार सड़क दुर्घटना को देखते हुए डोंगरगांव में यातायात ट्रैफिक कर्मचारी की महती आवश्यकता हो गई है जब से नगर में मुख्य मार्ग में डिवाइडर बनाया गया है सड़क के दोनों और आए दिन छोटी बड़ी घटना हर एक-दो दिन में लगातार दुर्घटना हो रही है लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए यहां पर यातायात ट्रैफिक कर्मचारी का ड्यूटी लगाना अति आवश्यक हो गया है

**आखिर जिम्मेदार कौन**

नगर के मुख्य मार्ग में सड़क चौड़ीकरण होने के बाद डिवाइडर बनाया गया है जिनमें आए दिन छोटे बड़े हादसा होते चले आ रहा है लंबे समय से बना रहे सड़क डामरीकरण और डिवाइडर अभी तक अधूरे होने से तथा डिवाइडर के दोनों ओर के प्रवेश द्वार में ठेकेदार द्वारा कोई भी संकेतक या रेडियम पट्टी नहीं लगाने से रात्रि के अंधेरे में छोटे-बड़े वाहन आसानी से डिवाइडर में टकरा रहे हैं ये सभी जानकारी नगर के पुलिस और जनप्रतिनिधियों , और नेताओं को सभी को मालूम है उनके बाद भी लोग आगे नहीं आ रहे है लगातार हो रहे सड़क दुर्घनाओं के बाद भी बाद भी आखिर यहां के सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों ने अपनी भी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा रहे हैं आखिर जिम्मेदार कौन है, राहगीर, मोटरसाइकिल, में आने जाने वाले आमजनता लंबे समय से यहां पर यातायात ट्रैफिक पुलिस की मांग की गई है।

## नगर पंचायत टैक्टर चालक हरि सेवानिवृत हुए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत कर्मचारी हरि श्रीवास का



सेवानिवृत्ति दी गई । नगर पंचायत डोंगरगांव में कार्यरत कर्मचारी हरी श्रीवास ट्रेक्टर चालक के पद पर कार्यरत थे जिनका विदाई कार्यक्रम नगर पंचायत सभा कक्ष में बिदाई समारोह आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहकर सेवानिवृत्त कर्मचारी का स्वाागत शाल, उपहार स्मृंति चिन्ह् भेटकर किया गया।

## एक कदम स्वच्छता की ओर - दिलीप साहू

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष दिलीप



साहू कहते है स्वच्छता ही सेवा है । स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत जिसका उद्देश्य गलियों सड़कों को साफ सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है । दिलीप साहू डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत आरी में सफाई कर अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी संदेश दी । इस कार्यक्रम में मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, कुसुम साहू, द्वारिका साहू, तीजन बाई साहू, यमुना बाई, झामीन बाई यादव, सूसूली यादव संगीता यादव, भक्तिन बाई निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602092200003**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
रेंगाकठेरा प.ह.न. 00032 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार देवकी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई साहू पति राजाराम जाति तेली सा. रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नातिन खुशी आ. शोभित का जन्म दिनांक 13/07/2013 को रेंगाकठेरा में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602092200005**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
रेंगाकठेरा प.ह.न. 00032 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार देवकी बाई साहू,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई साहू पति राजाराम जाति तेली सा. रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नाति रामरतन साहू आ. शोभित का जन्म दिनांक 10/01/2018 को रेंगाकठेरा में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602092200004**

378 12/26
मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः- ब-121
सनः-2025-2026
रेंगाकठेरा प.ह.न. 00032 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - देवकी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई साहू पति राजाराम जाति तेली सा. रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नातिन मुस्कान आ. शोभित का जन्म दिनांक 13/09/2003 को रेंगाकठेरा में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601092200049**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
डोंगरगढ़ (प ह न. 00025),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -सुखचंद,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुखचंद साहू पिता सुकालू राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम डीपरापारा वार्ड नम्बर 23 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता स्व. सुकालूराम पिता दयाराम के सामिलात नाम से भूमि भूमिस्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) में भूमि स्थित है जिसका खसरा नम्बर 10/4, 24/1 रकबा 0.129, 0.809हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा योग 0.938हे. भूमि स्थित है, जो कि मेरे ऋण पुस्तिका मेनुवल रिकार्ड में भी दर्ज है जो पूर्णतः सत्य व सही है। किन्तु मेरे पिता की मृत्यु उपरांत उसकी फौती नामांतरण हेतु उक्त भूमि का बी-1 खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशिश की गई तो पता चला की उपरोक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में मेरे पिता के सहखातेदार 1. धनसिंग पिता दयाराम 2. रुखमनी पिता मानसिंह का नाम दर्ज नही है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि धनसिंग की मृत्यु हो चुकी है और ना ही उसकी फौत दर्ज कर राजस्व अभिलेखों में उनके वारिसानों का नाम दर्ज किया गया है। आवेदक के पिता के सामिलात खाते की उपरोक्त वर्णित भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी-1, नक्शा एवं खसरा में किसान पुस्तिका के अनुसार सहखातेदार 1. धनसिंग पिता दयाराम 2. रुखमनी पिता मानसिंह का नाम दर्ज नही होने के कारण अन्य हिस्सेदारों की फौती नामांतरण व संबंधित शासकीय व अर्धशासकीय कार्यों में परेशानीया हो रही है। अतः आवेदक द्वारा ग्राम डोंगरगढ़ स्थित आवेदक के पिता सुकालू राम साहू के सामिलात नाम से वर्णित उक्त भूमि का राजस्व रिकार्ड किसान पुस्तिका के अनुसार ही ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी । खसरा एवं नक्शा में दर्ज कर समस्त राजस्व रिकार्ड / ऑनलाईन रिकार्ड दुरुस्त करने का निवेदन किया गया है।अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,**
**नवा रायपुर, अटल नगर**
**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

**निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-**

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 184562 द्वितीय आमंत्रण 02.02.2026 | जिला कोण्डागांव के सिलाटी से बंजोड़ा मार्ग लंबाई 5.25 कि.मी. एवं कोहकामेटा मांझीचेर्रा सिदावण्ड मार्ग 4.10 कि.मी. निर्माण कार्य। | 1026.19 |
| 2 | 184563 द्वितीय आमंत्रण 02.02.2026 | दर्री बरॉज से बरमपुर चौक तक लंबाई 8.20 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 7.56 कि.मी. ) सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य, जमा मद। | 5347.30 |
| 3 | 184510 द्वितीय आमंत्रण 02.02.2026 | जिला राजनांदगांव के बजरंगपुर नवागांव मिनी स्टेडियम में 08 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (400 मी) का निर्माण कार्य, जमा मद कार्य। | 934.26 |
| 4 | 184580 प्रथम आमंत्रण 02.02.2026 | जिला न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.) के परिसर में 15 + 2 कोर्ट रूम के लिए व्ही.आर.व्ही./व्ही.आर.एफ. ,एच.व्ही.ए.सी. सिस्टम, मेन क्यूबिकल पैनल , लिफ्ट, फायर अलार्म, लाईटनिंग कंडक्टर, एरिया लाईट, गार्डन लाईट, इन्वर्टर बैटरी, पी.ए.सिस्टम, साउंड सिस्टम, डीजल जनरेटर सेट एवं सी.सी.टी.वी. कैमरे की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग कार्य। | 655.22 |
| 5 | 184581 तृतीय आमंत्रण 02.02.2026 | जिला दन्तेवाड़ा के बुरगम-समेली मार्ग के कि.मी. 3/6 मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 367.10 |
| 6 | 184583 नौवां आमंत्रण 02.02.2026 | जिला रायगढ़ के रायगढ़ बायपास, गोवर्धनपुर रामपुर मार्ग में केलो नदी पर निर्मित पुल के स्लैब के पुर्ननिर्माण हेतु कार्य। | 235.75 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 05 से सं.क्र. 06 दिनांक 16.02.2026 सं.क. 04 दिनांक 25.02.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 20.02.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G - 06445/6

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में किस राज्य सरकार ने देसी गायों को चराज्यमाता-गोमाताज् घोषित किया?*
*2) ट्रक चालकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किस संस्थान ने प्रोजेक्ट अभय विकसित किया है?*
*3) केन्दु पत्ता, जिसे तेंदू पत्ता भी कहा जाता है, किस भारतीय राज्य का ग्रीन गोल्ड कहलाता है?*
*4) नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड किस मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था?*
*5) हाल ही में निधन हुए ग्रेग बेल किस खेल से जुड़े थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) महाराष्ट्र (2) आईआईटी दिल्ली (3) ओडिशा (4) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (5) लॉन्ग जंप

## प्रदेश के मुखिया से मिले नगर अध्यक्ष

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के मूलभूत समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष ने नगरीय निकाय क्षेत्र में खेलो इंडिया के तहत स्टेडियम निर्माण एवं बायपास सड़क निर्माण के लिए मांगपत्र सौंपा।



## निधन

**इंदर चंद जी चोपड़ा**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार धानी राजनांदगांव के धर्म निष्ठ वरिष्ठ सुश्रावक श्री इंदर चंद जी चोपड़ा आत्मज स्व श्री दीपचंद जी चोपड़ा का 95 वर्ष की आयु में दिनांक 05 फरवरी 2026 दिन गुरुवार को रात्रि 07 बजे देह परिवर्तन हो गया है विनेश,सुधीर,संजय, अजय,राजेश,निलय,नीरज नितिन के बड़े पिताजी एवं अनीता,आनंद अतुल के पिताश्री थे। आप अपने पीछे भतीजे भतीजी पौत्र,पौत्री पड़पौत्री,नाती नातनीन सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं आपकी बैकुंठ यात्रा दिनांक 06 फरवरी 2026 प्रात: 10 बजे सनसिटी क्र/28 से सदर बाजार निवास परिसर के लिए एवं प्रात: 11 बजे सदर बाजार निवास परिसर से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



## निधन

**गिरीश जैन**

**धर्मनगरी में शोक की लहर**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के प्रसिद्ध फिटनेस ट्रेनर एवं फिट सिटी जिम के संचालक 45 वर्षीय गिरिश जैन का बुधवार को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया। उनके असमय निधन से पूरे शहर, विशेषकर युवाओं में गहरा शोक और निराशा का माहौल है. मिलनसार स्वभाव और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी गिरिश जैन युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय थे। वे न केवल एक सफल जिम संचालक थे, बल्कि एक समर्पित प्रशिक्षक के रूप में युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली की ओर मार्गदर्शन करते रहे। गिरिश जैन सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते थे। वे बिना किसी स्वार्थ जरूरतमंदों की सहायता करते थे और अपने आसपास के लोगों के लिए हमेशा मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनके व्यवहार और कार्यशैली ने उन्हें समाज में विशेष सम्मान दिलाया।उनके अचानक चले जाने से डोंगरगढ़ शहर ने एक प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक को खो दिया है। फिटनेस जगत और समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति मानी जा रही है। उनके निधन की खबर मिलते ही जिम से जुड़े युवा, परिचितजन व शहरवासी शोक में डूब गए।



# चाय वाले बाबा का लगा दिव्य दरबार, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया दर्शन लाभ

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आज अंतिम दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के लेबर कालोनी वार्ड में आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा को सूनने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुंच रहे. भागवत कथा का कल 6 फरवरी, दिन शुक्रवार को अंतिम दिवस होगा. जिसमें तुलसी वर्षा एवं हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी (सिलयारी, रायपुर) द्वारा गत 29 जनवरी से राजनांदगांव के लेबर कालोनी वार्ड में संतोष पिल्ले परिवार द्वारा कराई जा रही भागवत कथा में अपने श्री वचनों से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे है. आचार्य श्री शास्त्री जी को पूरे छत्तीसगढ़ में चायवाले बाबा के नाम से भी पहचाना जाता है.श्री शास्त्री जी ने भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया कि हम अपने संस्कारों से दूर होते जा रहे है. खासकर युवा पीढ़ी जो अब डिजीटल युग की ओर बढ़ रही है, उनके माता-पिता और परिजनों को आगे आकर युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ते हुए धर्म के कार्यों में आगे लाने की जरूरत है. कथा



के माध्यम से श्री शास्त्री जी ने कहा कि जिस प्रकार से राम मंदिर को बनाने स्वस्फूर्त उद्योगपतियों से लेकर हर वर्ग के लोगों ने अपनी स्वेच्छा से मंदिर निर्माण के साथ- साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य किया है. वैसे ही हमे अपनी संस्कृति को बढ़ाने स्वस्फूर्त आगे आना होगा. भागवत गीता में श्री कृष्ण ने कहां कि फल की चिंता मत करो, अपने कर्म अच्छे करते हो. फल भी अच्छा ही मिलेगा. ठीक उसी प्रकार लोगों को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए. कर्म अच्छा होगा तो फल भी अच्छा ही मिलेगा।

**दिव्य दरबार में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु**

लेबर कालोनी में पिल्ले परिवार द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए चाय वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले आचार्य श्री नरेन्द्र नयन शास्त्री जी द्वारा दिव्य दरबार 29 जनवरी से अनवरत 9 बजे से 12 बजे तक लगााया जा रहा है, जो आज 5 फरवरी तक लगाया गया. दिव्य दरबार में सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु अपनी मनोइच्छा और कठिनाईयों के बारे में आचार्य श्री शास्त्री जी से जानने का प्रयास कर रहे है. जिसका परचा बनाकर श्री शास्त्री जी द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाता है. जिससे श्रद्धालु प्रफूल्लीत हो रहे है. श्री शास्त्री जी द्वारा 7 एवं 8 फरवरी को सिलयारी धाम, रायपुर में अनुष्ठान, पाठ और निवारण का आयोजन किया जा रहा है.

# राजनांदगांव पुलिस का नशीले सौदागरों पर प्रहार : 450 नग नशीली टेबलेट के साथ

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नशीली दवाओं की अवैध बिक्री करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 450 नग अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद की गई है।

**महाकाल टी स्टॉल के पास हुई कार्रवाई**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुर्ग निवासी एक युवक महाकाल टी स्टॉल, बायपास रोड के पास नशीली टेबलेट बेचने आया है। सूचना की तस्दीक करते हुए थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात करीब 10:30 बजे मौके पर दबिश दी। वहां एक

**आरोपी गिरफ्तार, बायपास रोड पर चल रहा था नशे का कारोबार**

बंद गुमटी के पास कुछ संदिग्ध युवक खड़े थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा।

**तलाशी में मिली प्रतिबंधित दवाएं**

पकड़े गए युवकों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 450 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट (वजन 48.06 ग्राम) और 840 रुपये नगदी बरामद हुई। जप्त सामग्री की कुल कीमत 2190 रुपये आंकी गई है। औषधि निरीक्षक प्रवीण चौबे द्वारा जप्त दवाओं की जांच करने पर उनके नशीली टेबलेट होने की पुष्टि हुई। आरोपियों के पास इन दवाओं को रखने या बेचने का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) के तहत मामला दर्ज कर निम्नलिखित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सौरभ ध्रुव (22 वर्ष), निवासी सिकोला भांठा, दुर्ग, तरण सिंह (24 वर्ष), निवासी गौरी नगर, राजनंदगांव। रितेश यादव (19 वर्ष), निवासी लखोली नाका चौक, राजनांदगांव, प्रमोद बघेल (21 वर्ष), निवासी 16 खोली, सांई मंदिर के पास, चिखली। रोहण गायकवाड़ (22 वर्ष), निवासी गौरी नगर, राजनंदगांव प्रियांशु चौहान (22 वर्ष), निवासी गौरी नगर गली नं. 3, राजनंदगांवतारेश सिन्हा (19 वर्ष), निवासी लखोली नाका चौक, राजनंदगांव। सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया।

## कबीरधाम पुलिस की अवैध धान परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भापुसे) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी क्रम में थाना प्रभारी झलमला निरीक्षक जे एल शांडिल्य एवं स्टाफद्वारा दिनांक 04.02.2026 को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक पीकअप वाहन क्रमांक छत्र 04 छत्र 4882 को चेक किया गया। वाहन में सवार अनावेदक (1) निखिल अग्रवाल पिता ब्रम्हानंद अग्रवाल, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम रेंगाखार, थाना रेंगाखार, जिला कबीरधाम (छ.ग.) एवं (2) मानिकराम पिता प्रेमलाल यादव, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्फी, थाना चिल्फी, जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था।



## विद्यालय बेलगांव की प्राचार्य के सेवानितृत्व होने पर भावभीनी बिदाई

**डोंगरगढ़/बेलगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव की प्राचार्य कालिंद्री तिवारी की सेवा समाप्त होने पर बिदाई कार्यक्रम आयोजित कर तिलक वंदन व पुष्पमाला से स्वागत कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि श्रीमती तिवारी 2086 से व्याख्याता पद पर पदस्थ रही। उनके द्वारा 2016 से बेलगांव में प्राचार्य पद पर 10 वर्ष रहकर सेवा दी गई । इस अवसर पर विदाई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा वेद द्वारा किया गया। इस दौरान अनिल तिवारी एवं उनके परिजन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शाला की शिक्षिका प्रतिमा ठाकरे पूर्णिमा साहू, सहारे मेडम बिजेन्द्र अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त प्राचार्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी गई । इस दौरान सरपंच कौशल चंद्रवंशी, योगेश साहु, छबील साहु, व्याख्याता प्रतिमा मनगडे श्रीमती सोनी मैडम प्रमिला राव श्रीराम लाहोरिया सीमा बदलकर राजश्री श्रीरसागर दिव्या बोपचे, अनिमा तिर्की रोहित वर्मा, रामअवतार साहू सर, तरुण, मंडल सर ज्योति सुमन मनीषा सूर्यकांत निषाद जैकलिन मैडम सभी ने श्रीमती तिवारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन कर



## मनरेगा से बदली लोमेश साहू की जिंदगी, पक्का पशु शेड बना तरक्की का सहारा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कहते हैं कि मजबूत इरादों और सही सरकारी योजना का साथ मिल जाए तो जीवन की राह आसान हो जाती है। कवर्धा जिले के ग्राम पंचायत चरडोंगरी के रहने वाले गौ-पालक लोमेश साहू की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। मनरेगा योजना ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद की। लोमेश साहू का परिवार खेती और पशुपालन पर निर्भर था। उनके पास गाय-भैंस तो थीं, लेकिन उन्हें रखने के लिए पक्का शेड नहीं था। कच्चे शेड में बरसात के समय कीचड़ और गंदगी हो जाती थी। गोबर और गौमूत्र के कारण सफाई रखना मुश्किल हो जाता था, जिससे पशु बीमार पड़ते थे और दूध उत्पादन भी कम हो जाता था। आर्थिक तंगी के कारण पक्का शेड बनवाना उनके लिए बहुत कठिन था। इसी बीच मनरेगा योजना के तहत उन्हें 53 हजार रुपये की लागत से पक्का पशु शेड बनाने की स्वीकृति मिली। निर्माण के दौरान उन्हें 36 मानव-दिवस का रोजगार भी मिला और मजदूरी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा हुई। ग्राम पंचायत के सहयोग से मजबूत और साफ-सुथरा पशु शेड बनकर तैयार हो गया, जिससे उनकी सबसे बड़ी समस्या दूर हो गई। पक्का शेड बनने के बाद उनके पशु सुरक्षित और स्वस्थ रहने लगे, जिससे दूध उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया, कलेक्टर गोपाल वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले टीम को दी बधाई

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कायाकल्प आयुष 2024 के तहत स्वच्छता, सुव्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कायाकल्प आयुष 2024 के तहत 1172 संस्थाओं को पछाड़कर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में टीम की प्रतिबद्धता, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ ने स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्था, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाओं का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि कायाकल्प आयुष का उद्देश्य संस्थान की कार्यप्रणाली, रोगी संतुष्टि, औषधि उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता और समग्र स्वास्थ्य वातावरण को बेहतर बनाना है। सिंघनगढ़ की टीम ने इन सभी मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर यह सिद्ध बताया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं। कलेक्टर वर्मा ने चिकित्सा अधिकारियों, आयुष चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं सहयोगी कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीमवर्क का परिणाम है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छ वातावरण, सुव्यवस्थित व्यवस्था, बेहतर उपचार सुविधाएं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ केंद्र निरंतर लोगों का विश्वास जीत रहा है। केंद्र में कार्यरत चिकित्सकों और कर्मचारियों प्रभारी डॉ. निर्मला पटेल, फार्मेसिस्टि आयुर्वेद श्री विद्यासिंह धुर्वे और डॉ. प्रीती उइके की टीम भावना, नवाचार और सेवा भाव के चलते यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इस सम्मान से कर्मचारियों का उत्साह और बढ़ा है तथा भविष्य में और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नई प्रेरणा मिली है।



## धर्म समाचार....


# आपको भी घर में महसूस होता है भारीपन? इन 5 कारणों से बढ़ती है नेगेटिविटी, तुरंत अपनाएं ये उपाय



घर में प्रवेश करते ही अगर आपको भारीपन महसूस होता है या अक्सर बिना वजह तनाव बना रहता है, तो यह संकेत है कि आपके आशियाने में नकारात्मक ऊर्जा का वास हो गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की ऊर्जा हमारे मानसिक और आर्थिक जीवन पर सीधा असर डालती है। अक्सर हम घर की साफ-सफाई तो करते हैं, लेकिन अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिससे घर का 'ऑरा' (ह्वह्लड्ड) प्रभावित होता है। वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार, ऊर्जा का प्रवाह अगर सही न हो, तो व्यक्ति को घर के अंदर दम घुटने जैसा महसूस हो सकता है। कबाड़ और पुरानी चीजें: घर की छत या सीढ़ियों के नीचे पुराना कबाड़ जमा करना भारीपन का सबसे बड़ा कारण है। वास्तु विशेषज्ञों के मुताबिक, जो चीजें उपयोग में नहीं हैं, वे राहु का प्रतीक बन जाती हैं और मानसिक तनाव पैदा करती हैं। बंद घड़ियां और टूटे शीशे: प्राचीन वास्तु ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि रुकी हुई घड़ियां समय की प्रगति को रोकती हैं और टूटे हुए शीशे घर की पॉजिटिव एनर्जी को टुकड़ों में बांट देते हैं। हवा और रोशनी की कमी: जिस घर में सूरज की रोशनी और ताजी हवा का प्रवेश कम होता है, वहां नकारात्मक ऊर्जा जल्दी घर बना लेती है। अगर आप भी घर में भारीपन महसूस करते हैं, तो विद्वानों द्वारा सुझाए गए ये उपाय काफी मददगार साबित हो सकते हैं: नमक के पानी का पोंछा: धार्मिक मान्यताओं और वास्तु नियमों के अनुसार, पोंछे के पानी में समुद्री नमक (सी-सॉल्ट) मिलाकर घर साफ करने से सूक्ष्म नकारात्मक शक्तियाँ नष्ट हो जाती हैं। कपूर का धुंआ: शाम के समय भीमसेनी कपूर और लौंग जलाने से घर की हवा शुद्ध होती है और भारीपन दूर होता है। मुख्य द्वार की सफाई: वास्तु शास्त्र के जानकारों का कहना है कि घर का मुख्य द्वार ही खुशियों का रास्ता है। वहां गंदगी या चप्पल-जूतों का ढेर होने से लक्ष्मी जी का प्रवेश रुक जाता है।

## महादेव की अमोघ शक्ति है यह स्तोत्र, नियमित पाठ से दूर होंगे सारे कष्ट

हिंदू धर्म में भगवान शिव को 'अशुतोष' कहा जाता है, जिसका अर्थ है जो शीघ्र प्रसन्न हो जाएं। महादेव की कृपा पाने के लिए भक्तों ने कई स्तुतियों और स्तोत्रों की रचना की है, लेकिन 'परमेश्वर स्तुति स्तोत्र' का अपना एक अलग और विशेष महत्व है। यह स्तोत्र न केवल प्रभु की महिमा गाता है, बल्कि भक्त के अंतर्मन को शुद्ध करने की शक्ति भी रखता है। धार्मिक ग्रंथों और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, इस स्तोत्र का पाठ उस समय सबसे अधिक फलदायी होता है जब व्यक्ति स्वयं को असहाय या संकटों से घिरा हुआ महसूस करता है। शास्त्रों के जानकारों का कहना है कि यह स्तोत्र शिव के विराट और कल्याणकारी स्वरूप का वर्णन करता है। इसके नियमित जाप से व्यक्ति के भीतर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। मानसिक शांति: आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव आम है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस स्तोत्र की ध्वनियां मस्तिष्क को शांत करने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करती हैं। पापों से मुक्ति: पौराणिक कथाओं में उल्लेख मिलता है कि सच्चे मन से की गई यह स्तुति अनजाने में हुए पापों के प्रभाव को कम करती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। धार्मिक रीति-रिवाजों और परंपराओं के आधार पर, परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ सुबह स्नान के बाद करना सबसे उत्तम है। सफेद या केसरिया वस्त्र पहनकर भगवान शिव की मूर्ति या चित्र के सामने दीप जलाएं। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, इसका पाठ अगर सोमवार या प्रदोष के दिन किया जाए, तो इसका फल कई गुना बढ़ जाता है।



## हिंदू जागरण मंच ने व्हाइनियर स्कूल परिसर में संचालित चर्च को बंद कराने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। हिंदू जागरण मंच, राजनांदगांव द्वारा व्हाइनियर स्कूल परिसर में संचालित चर्च को बंद कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। मंच पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लालबाग स्थित राजगामी संपदा की लगभग 5 एकड़ भूमि शासन द्वारा विद्यालय संचालन के उद्देश्य से आवंटित की गई थी, किंतु वहां शर्तों के विपरीत भव्य चर्च का निर्माण कर उसका उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। ज्ञापन में हिंदू जागरण मंच ने आरोप लगाया कि उक्त परिसर में हिंदू समाज के विरुद्ध मतांतरण एवं धर्मांतरण जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो भूमि आवंटन की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। मंच का कहना है कि यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाला भी है। मंच ने प्रशासन से मांग की कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाए, यह स्पष्ट किया जाए कि भूमि किन शर्तों पर दी गई थी और क्या उन शर्तों का उल्लंघन हुआ है। यदि जांच में उल्लंघन पाया जाता है तो अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त किया जाए, चर्च को बंद कराया जाए तथा नियमानुसार दी गई संपत्ति को वापस लेने की कार्रवाई की जाए।










## साहित्य समिति के संरक्षक शशिकांत द्विवेदी के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर दी गई बधाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के संरक्षक, वरिष्ठ कवि / साहित्यकार शशिकांत द्विवेदी के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर समिति के समस्त कवि साहित्यकारों ने श्री द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साहित्य समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (,छ0ग0-शासन ) के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा ठा0 प्यारेलाल सहकारिता सम्मान से सम्मानित हो चुके शशिकांत द्विवेदी जी धर्म, अध्यात्म ,राजनीतिक व किसानों का हित चिंतन करने वाले ओजस्वी कवि हैं। नक्सलवाद के विरोध में जिसकी कविता, मैं बस्तर हूं और श्री राम गमन पथ यात्रा की रक्सा हाड़ा वाली कविता लोगों को प्रभावित व आंदोलित करती है। शहर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को फर्श से लेकर अर्श तक पहुंचाने वाले श्री द्विवेदी जी पर्यावरण सुरक्षा व सहकारिता के क्षेत्र के अच्छे जानकार हैं। इस पर उनके लेख अखबारों में छपते रहते हैं। द्विवेदी जी की किसानों के प्रति संवेदन जन्य भावनाएं हैं, जो छत्तीसगढ़ी कविता - कलप - कलप के गहुं रोवय,, फफक-फफक के धान / खेत में अब अन्न नइ उपजय,, उपजत हावय मकान,, में झलकती है। ओजवान कवि एवं सहकारिता के जुझारू नेताओं में शुमार श्री द्विवेदी जी के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर साहित्य समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्राअकाट्य सचिव मानसिंहमौलिक कवयित्री सुषमा शुक्लाअंशुमन थंगेश्वर कुमार साहू, राकेश इंदू भूषण ठाकुर,पद्मलोचन शर्मा मुंहफट पवन यादवपहुना रिखी राम पटेल, आनन्द राम सार्वा अनंत, संरक्षक ,श्रीमती शारदा तिवारी, अशोक चौधरी, गिरीश ठक्करस्वर्गीय के अलावा वीरेंद्र तिवारी वीरु, गजेद्र हरिहारणोदीप आदि सहित अन्य कवि/ साहित्यकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक विकास : स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

### ऊर्जा के क्षेत्र में नागरिकों का जीवन हो रहा रोशन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव आज गांधी सभागार राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल हितग्राही, कृषि सिंचाई पंप उपभोक्ता, घरेलू उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नारा लेखन, निबंध, भाषण, पोस्टर एवं ओपन चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात यहां तेजी से विकास हुआ है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि अविभाजित छत्तीसगढ़ में लगभग 56 हजार उपभोक्ता प्रदेश में थे। वर्तमान में 8 लाख से अधिक किसान उपभोक्ताओं के पास कृषि पंप है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद लोगों के जीवन में विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गांव-गांव में 8 लाख से अधिक कृषि पंपों की स्थापना की गई है। प्रदेश में अलग-अलग प्रकार के सबमर्सिबल की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक मजरा-टोलो में विद्युत पहुंचाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार ऊर्जा के क्षेत्र के साथ नागरिकों के जीवन को रोशन कर रही है। छत्तीसगढ़ में कृषि बहुत आगे बढ़ा है। बिजली की पर्याप्त उपलब्धता के कारण उद्योग भी बढ़े है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ का चहुमुंखी विकास हुआ है।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में एक ऊर्जा का बड़ा केन्द्र स्थापित नया रायपुर में किया जाएगा। जिससे ट्रांसफार्मर का निर्माण सहित विभिन्न विद्युत से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जिससे उपभोक्ता एटीपी के माध्यम से भुगतान आसानी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सोलर एनर्जी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है। सोलर पैनल लगाने से घर में बिजली बिल नहीं आएगा। उन्होंने शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए कहा। कार्यपालन निदेशक श्री शिरीष सेलट ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से अब तक के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर श्री एमडी ठाकुर, श्री शिव वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## महापौर परिषद की बैठक आहुत विकास कार्यो पर हुई चर्चा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में



संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य हेतु आहुत निविदा दर, दुकान के उच्चतम बोली की स्वीकृति, राजस्व कर, प्रधानमंत्री आवास एवं भू-जल स्तर बढ़ाने संबंधित विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि दुर्गा चौक, जिला अस्पताल क्षेत्र में पानी निकासी के लिए अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत नार कन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण हेतु आहुत निविदा दर की अनुशंसा की गयी। इसके अलावा दुकान नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली तथा भूमि या भवन के प्रत्येक स्वामी अपनी भूमि या भवन का वार्षिक भाडा मूल्य विवरणी भर सम्पत्तिकर का भुगतान संबंधी विषय की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत आबादी (प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर काबिज परिवारो को योजना में शामिल कर लाभन्वित करने तथा शासन की पं.दीनदयाल उपाध्याय भूशहरी अंतर्गत जल संवर्धन मिशन जिसके तहत भूजल के स्तर को नीचे गिरने से रोकना तथा वर्षाजल संचय के माध्यम से भूजल स्तर मे वृद्धि करना और वर्षा जल संचय के लिए स्थल चयन की स्वीकृति दी गयी। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू,श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर प्रसाद साहू एवं राजा माखीजा सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, प्र. कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम,प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा,प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com